5858(E)
24/8/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 24/8/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सोनपुर के अन्तर्गत Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-26B/Sonepur कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अभिषेक पलासिया, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–13.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2433 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2541(अनु०) दिनांक–20.08.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–20.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-26B/Sonepur |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, सोनपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹14601.77 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹17437.46 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1604 दिनांक–23.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹15007.37149 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 07 (सात) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :-

(1) Alam & M/s S K 'J'V
(2) M/s Adarsh Construction
(3) Vinay-Abhay 'JV'
(4) M/s Amhara Construction Pvt. Ltd.
(5) Palak Infra Pvt. Ltd.
(6) Rai Raj Construction Pvt. Ltd.
(7) Avednex Pvt. Ltd.

4. उपभागीय ज्ञापांक-2433 दिनांक-13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक-13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में कुल सात निविदाकारों में से तीन निविदाकार यथा (1) Alam & M/s S K 'JV' (2) M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. एवं (3) Palak Infra Pvt. Ltd. निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया एवं तीन निविदाकार यथा (1) M/s Adarsh Construction द्वारा ITB Clause-17 के आलोक में (2) Vinay-Abhay 'JV' को ITB Clause-17 एवं Section 3: Clause 2.4.2 Section 4E.12, Form Exp-2 (a) के आलोक में (3) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को ITB Clause-17 एवं MBD के Section 3: Clause 1.2.1 (b) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया। शेष एक निविदाकार Avednex Private Limited द्वारा e-proc 2 में वांछित कागजातों के विरूद्ध केवल GST रजिस्ट्रेशन निविदा के साथ Upload किया गया है। यहाँ तक कि EMD के भी कागजात निविदा में नहीं Upload किये गये है। फलतः इनके निविदा को अमान्य किया गया।

साथ ही विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक-2433 दिनांक-13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक-13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक-RRC/26-27-199 दिनांक-14.08.2026 (2) M/s Adarsh Construction के पत्रांक-HO/Tender/2026-27/152 दिनांक-16.08.2026 एवं (3) Vinay-Abhay 'JV' के पत्रांक-शून्य दिनांक-17.08.2026 के द्वारा तथा अन्य Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक-शून्य दिनांक-15.08.2026 के द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-2541(अनु०) दिनांक-20.08.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक-20.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार, Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक– RRC/26-27/199 दिनांक–14.08.2026, M/S Adarsh Construction का पत्रांक–HO/Tender/2026-27/152 दिनांक–16.08.2026, Vinay-Abhay JV का पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 एवं अन्य निविदा (OPRMC Phase-III 10A) में निविदाकार Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–शून्य दिनांक–15.08.2026 द्वारा इस निविदा के निविदाकार M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद/आपत्ति समर्पित किया गया है।

<u>परिवाद/आपत्ति की समीक्षा</u> :–

| | परिवाद/आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1 | **Rai Raj Construction Pvt. Ltd. :–**<br>उपर्युक्त विषय के संबंध में सादर सूचित करना है कि उक्त पथ प्रमण्डल, सोनपुर अंतर्गत Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Contract प्रणाली के तहत राज्य अन्तर्गत Package No.-26B/Sonepur में मेरे द्वारा निविदा में भाग लिया गया था परन्तु आपके द्वारा ITB Clause-17 के आलोक में बीड security BG के रूप में Conditional BG Upload किया गया एवं पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ के अधीन दो कार्यों यथा (1) बिहार बख्तियापुर पथ कारगिल चौक से पचासा मोड़ का चौड़ीकरण एवं (2) पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ अन्तर्गत NH-82 leftout अंश (इतवारी बाजार से उपरौरा मोड़) पथ का चौड़ीकरण कार्य न्यूनतम निविदाकार होने के फलस्वरूप आवंटन होने के बावजूद एकरारनामा नहीं किया गया। ये दोनों कारण लगाकर आपके द्वारा तकनीकी बिड में असफल किया गया है जो न्याय संगत नहीं है। (1) मुख्य शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बरौदा कदमकुआँ, पटना द्वारा निर्गत बैंक गारंटी RBI के गाईड लाइन के अनुरूप बनाया | आलोच्य निविदा में निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd द्वारा भाग लिया गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा ITB Clause-17 एवं MBD के Section 3: Clause 1.2.1 (b) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया। इनके द्वारा Uploaded Bid Security का Bank Guarantee के साथ अंकित है कि This Guarantee will be operative when Accompanied with advice (SFMS) issued from the advising Bank परन्तु B.G. के साथ SFMS से संबंधित अभिलेख Upload नहीं किया गया है। फलतः आपत्ति को मान्य नहीं किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | गया है। जिसे विभाग को किसी तरह का आवश्यकता पड़ने पर जब्ती पर किसी भी प्रकार का असर नहीं पड़ेगा। जिसका justification मुख्य शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बरौदा, कदमकुआँ द्वारा पत्र के द्वारा आश्वस्त कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर को अवगत कराया गया है कि विभाग को किसी भी समय बैंक गारंटी आवश्यकता पड़ने पर जब्ती किया जा सकता है।<br>(2) पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ अन्तर्गत दो पथों में कार्य आवंटन हुआ था परन्तु कार्यपालक अभियंता द्वारा forest Clearance एवं Utility shifting का NOC नहीं उपलब्ध कराने के कारण मेरे द्वारा एकरारनामा नहीं किया गया जिसके लिए अनेको बार पत्र के माध्यम से कार्यपालक अभियंता को बार–बार अनुरोध मेरे द्वारा किया गया कि अविलम्ब forest clearance एवं Utility shifting का NOC उपलब्ध कराया जाये क्योंकि दोनों पथों में Road का चौड़ीकरण करना था। बिना forest clearance एवं Utility shifting हटाये हुए कार्य करना संभव नही था। परन्तु कार्यपालक अभियंता का ज्ञापांक– 1952 दिनांक–15.09.2025 को निविदा में जमा जमानत की राशि बैंक गारंटी दोनों पथों का जब्त करने हेतु कारवाई की गयी। इसके उपरांत ही मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना के कोर्ट में मुझे जाना पड़ा। forest clearance एवं Utility shifting का NOC न प्राप्त होने के उपरांत कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत Letter No.-1425 दिनांक–03.07.2025 Revised Letter of Acceptance एवं Letter No.- | निविदाकार द्वारा पथ प्रमण्डल, बिहारशरीफ अन्तर्गत न्यूनतम निविदाकार होने पर आवंटित दोनों कार्य LOA निर्गत होने के बाद भी एकरारनामा नहीं किया गया, जिसके कारण कार्य ससमय नहीं कराया जा सका एवं विभाग द्वारा पुनर्निविदा किया गया। उपरोक्त परिस्थिति MBD के Section 3 Clause 1.2.1 (b) record of poor performance such as abandoning the works के श्रेणी में आता है।<br>इससे स्पष्ट है कि MBD के Section 1.2.1. (b) की Condition Fulfill नहीं करते है।<br>फलतः आपत्ति को मान्य नहीं किया जा सकता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 1426 दिनांक– 03.07.2025 Revised Letter of Acceptance दोनों LOA माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा निरस्त कर दिया गया।<br>अतः श्रीमान् से सादरपूर्वक अनुरोध है कि दो कारणों से तकनीकी बीड में असफल किया गया है। मेरे द्वारा साक्ष्य के साथ बिन्दुबार आवश्यक कागजात समर्पित के साथ अनुरोध है कि मुझे पुनः तकनीकी बिड में सफल करने हेतु पुनः विचार की कृपा की जाय। | | |
| 2. | **M/s Adarsh Construction**<br>उपरोक्त निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन में M/s Adarsh Construction को असफल घोषित किया गया है। उक्त निर्णय के संबंध में हमें जिस आधार पर तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित किया गया है, उसके संबंध में निम्नलिखित तथ्य एवं स्पष्टीकरण आपके समक्ष प्रस्तुत है, जिसे कृपया पुनर्विचार हेतु स्वीकार करने की कृपा की जाए।<br>1. Bank Guarantee में Employer के नाम में हुई clerical error के संबंध में तकनीकी बीड के साथ प्रस्तुत Bank Guarantee में केवल एक स्थान पर Employer के नाम के रूप में "Executive Engineer, RCD Chapra" अंकित हो गया है, जबकि Bank Guarantee के अन्य सभी स्थानों पर सही रूप से "Executive Engineer, RCD Sonepur" अंकित है।<br>अतः यह स्पष्ट है कि "RCD Chapra" का उल्लेख केवल एक typing/clerical error है, जबकि सम्पूर्ण Bank Guarantee का वास्तविक beneficiary RCD Sonepur ही है। इस छोटी एवं स्पष्ट clerical error के कारण | आलोच्य निविदा में निविदाकार M/s Adarsh Construction द्वारा भाग लिया गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा ITB Clause-17 के तहत निविदा में असफल घोषित किया गया है। इनके द्वारा Bid Security के BG में Pledge to Executive Engineer, Sonpur के जगह Executive Engineer Chapra को Pledge किया गया है जो ITB Clause 17 एवं NIT के कंडिका–18 (a) के अनुरूप नहीं है।<br>उपरोक्त तथ्यों के आलोक में स्पष्ट है कि निविदाकार के द्वारा Bank Guarantee Executive Engineer, Road Division, Sonpur को Pledge नहीं होने के फलतः आपत्ति को मान्य नहीं किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Bank Guarantee की वास्तविकता, वैधता अथवा निविदा के लिए प्रस्तुत Bid Security की मंशा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके अतिरिक्त, विभाग द्वारा उक्त Bank Guarantee का सत्यापन स्वयं संबंधित बैंक से कराया गया। इसके जवाब नौ Canara Bank, Patna द्वारा अपने Verification Letter Ref- MCB Patna/BG/AC/11 dated 07.07.2026 के माध्यम से Bank Guarantee की सत्यता की पुष्टि करते हुए beneficiary को स्पष्ट रूप से "Executive Engineer, Road Division, Sonepur, Road Construction Department, Bihar" के रूप में सत्यापित किया गया है।<br>इस प्रकार, जारीकर्ता बैंक द्वारा भी आधिकारिक रूप से यह पुष्टि की जा चुकी है कि Bank Guarantee Road Division, Sonepur के पक्ष में ही जारी की गई है। जब Bank Guarantee के अन्य सभी स्थानों पर RCD Sonepur अंकित है तथा बैंक द्वारा भी Sonepur को beneficiary के रूप में सत्यापित किया गया है, तो केवल एक स्थान पर हुई clerical error के आधार पर M/s Adarsh Construction को तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित किया जाना उचित नहीं है।<br>अतः निवेदन है कि बैंक द्वारा किए गए आधिकारिक सत्यापन को अभिलेख पर लेते हुए उक्त clerical error को स्वीकार किया जाए तथा M/s Adarsh Construction की तकनीकी बिड को Responsive/Qualified घोषित करने हेतु पुनर्विचार किया जाए। | | |
| 3. | **Vinay-Abhay JV:-**<br>उपर्युक्त विषय के संबंध में सादर | आलोच्य निविदा में निविदाकार Vinay-Abhay JV द्वारा भाग | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | निवेदनपूर्वक कहना है कि विषयांकित कार्य के निविदा में मेरे द्वारा भाग लिया गया है एवं प्रासंगिक पत्र द्वारा दिनांक–13.08.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में मुझे असफल घोषित कर दिया गया है। उक्त के संबंध में भवदीय से अनुरोध है कि मुझे MBD Section 3 Clause 2.4., Section 4E.12 Form Exp.-2(a) के आलोक में निविदा में Uploaded Specific Experience की राशि वांछित राशि से कम होने के कारण असफल किया गया है। इस संदर्भ में भवदीय से सादर अनुरोध हे कि मेरे द्वारा Specific Experience की राशि के एवज में किये गये कार्यों की तालिका विवरणी निविदा के साथ अपलोड की गई थी। उक्त तालिका में वर्णित कार्यों से संबंधित सभी आवश्यक कागजात मेरे द्वारा निविदा पोर्टल पर अपलोड कर दिये गये थे, परन्तु निविदा जमा करने की अंतिम तिथि के अंतिम समय में विभाग द्वारा Corrigendum के माध्यम से निविदा जमा करने की तिथि बढ़ाये जाने के कारण पूर्व में अपलोड किये गये दस्तावेज/फाइल पोर्टल से स्वतः हट गये। ऐसी स्थिति एक–दो बार नही, बल्कि तीन बार हुई, जिसके कारण अंतिम बार निविदा जमा करते समय तालिका में वर्णित 02 (दो) कार्यों से संबंधित कागजात तकनीकी कारणोंवश पुनः अपलोड नहीं हो सके। इस कारण उक्त दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न नहीं हो पाने की स्थिति मेरे नियंत्रण से बाहर थी। जबकि मेरे द्वारा Specific Experience के संबंध में आवश्यक कार्यों की तालिका पहले ही निविदा के साथ अपलोड की जा चुकी थी तथा उक्त कार्यों से | लिया गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा ITB Clause-17 एवं Section 3: Clause 2.4.2 Section 4E.12, Form Exp-2 (a) तहत निविदा में असफल घोषित किया गया है। इनके द्वारा Vinay-Abhay JV के Other Partner के द्वारा Specific Experience की राशि 902.16 लाख Upload किया गया है, जो वांछित राशि 1875.92143 (25%) से कम है जो MBD के Section 3: Clause 2.4.2 (a) के अनुरूप नहीं है। निविदाकार द्वारा भी स्वीकार किया गया है कि इनके Other Partner द्वारा Specific Experience में वांछित राशि से कम राशि Upload किया गया है। निविदा की तिथि बढ़ाये जाने पर सभी अभिलेखों को पुनः Upload कराना निविदाकार के स्तर से सुनिश्चित करना अपेक्षित था। फलतः आपत्ति को मान्य नहीं किया जा सकता है।<br><br>निविदाकार Vinay-Abhay JV के द्वारा Uploaded Bank Guarantee की वैधता दिनांक–18.12.2026 तक ही है जो end date of Bid submission 03.07.2026 को मद्देनजर रखते हुए 180 दिनों से कम है। MBD के ITB Clause 17.3 में स्पष्ट है कि The Bank Guarantee for EMD should be valid for not less than 180 days after bid | की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | संबंधित आवश्यक दस्तावेज मेरे पास उपलब्ध है। उक्त के साक्ष्य के रूप में नीचे दिये गये कार्यों से संबंधित विवरण एवं उनके समर्थन में आवश्यक दस्तावेज संलग्न किये जा रहे हैं। अतः अनुरोध है कि Uploaded कार्य विवरणी तालिका एवं सलग्न साक्ष्यों के आधार पर पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन पर विचार करते हुए मुझे सफल घोषित करने की कृपा की जाय।<br><br>साथ ही भवदीय को अवगत कराना चाहेंगे कि मूल निविदा सूचना (NIT) के अनुसार निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक–04.06.2026 निर्धारित थी। इसी निर्धारित तिथि को ध्यान में रखते हुए मेरे द्वारा Bank Guarantee की व्यवस्था की गई थी। मेरे द्वारा निविदा के साथ अपलोड की गई Bank Guarantee की वैधता 180 दिन की है, जिसकी निर्गत तिथि 22.06.2026 एवं Expiry Date 18.12.2026 है। अतः मेरे द्वारा निर्धारित अवधि के अनुसार पूर्ण वैधता वाली Bank Guarantee प्रस्तुत की गई है।<br><br>इसके बाद मूल निविदा सूचना (NIT) की अन्य शर्तों को यथावत रखते हुए मात्र Corrigendum के माध्यम से विभाग द्वारा निविदा जमा करने की अंतिम तिथि को क्रमशः 08.06.2026, 19.06.2026 एवं 03.07.2026 तक बढ़ाया गया। अतः यदि वर्तमान विस्तारित निविदा तिथि के आधार पर Bank Guarantee की वैधता में कोई कमी दिखाई दे रही है, तो इसका कारण विभाग द्वारा Corrigendum के माध्यम से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि में किया गया विस्तार है, जो मेरे नियंत्रण से बाहर था। मेरे द्वारा अपलोड की गई Bank Guarantee मूल निविदा की निर्धारित शर्तों के अनुरूप 180 | submission end date or beyond any period of extension if requested under ITB 16.2. एवं NIT के कंडिका–18 (c) में भी स्पष्ट रूप से अंकित है कि The Bank Guarantee for EMD should be valid for not less than 180 days after bid submission end date.<br><br>निविदाकार Vinay-Abhay JV के द्वारा निविदा की अंतिम तिथि को बढ़ाये जाने के पश्चात् पुनः सभी अभिलेखों को e-Proc पर पुनः Re-Submitted किये जाना अनिवार्य है जिसके उपरान्त ही Bidder का Submission Successful होता है। निविदाकार द्वारा Vinay-Abhay JV द्वारा Re-Submitted किया गया परन्तु Extended Bank Guarantee Re-Submitted नहीं किया गया। फलतः आपत्ति को मान्य नहीं किया जा सकता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | दिनों की वैधता के साथ प्रस्तुत की गई है। ऐसी स्थिति में Corrigendum के माध्यम से बाद में निविदा की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने के कारण उत्पन्न वैधता की कमी के लिए मुझे जिम्मेदार ठहराना अथवा इस आधार पर तकनीकी रूप से असफल/अयोग्य घोषित किया जाना न्यायसंगत नहीं होगा। अतः इस बिन्दु पर भी पुनर्विचार करते हुए मेरे द्वारा अपलोड की गई Bank Guarantee को स्वीकार करने की कृपा की जाय।<br>उक्त के आलोक में भवदीय से सादर अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर पुनर्विचार करते हुए पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन करने की कृपा की जाय एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/अपलोड की गई विवरणी के आधार पर मुझे योग्य घोषित करते हुए निविदा प्रक्रिया में आगे की कार्रवाई करने की कृपा की जाय। | | |
| 4. | **Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. के द्वारा M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध दिया गया परिवाद :–**<br>(3) M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. को दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में विभिन्न पैकेजों में तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया है, जबकि Net worth तथा Profit & loss का (Fin.–1) जो कागजात निविदा के साथ अपलोड किया गया है, वह uploaded Balance Sheet के अनुरूप नहीं है एवं Balance Sheet में टंकित UDIN से मिलान किये जाने पर सही नहीं मिलता है। साथ ही NIT के क्रमांक 13 एवं MBD के ITB Clause&16 के अनुसार Bid Validity कम | यद्यपि Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. इस निविदा के निविदाकार नहीं है तथापि इनके द्वारा निविदाकार M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया है।<br>निविदाकार M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 का balance sheet एवं Profit loss account upload किया गया है जो CA द्वारा Audit एवं UDIN supported है, इसी balance sheet एवं Profit loss account से net worth एवं Profit लिया गया है जो MBD | परिवादी निविदाकार नहीं है। अतः यह परिवाद विभागीय कार्यालय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(S) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में अमान्य है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | से कम 180 दिन का undertaking निविदा के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है, लेकिन इनके द्वारा Bid Validity के आलोक में केवल "As per NIT & MBD" लिखकर निविदा के साथ अपलोड किया गया है, जो विभागीय निविदा प्रक्रिया के विरूद्ध है तथा शपथ पत्र में भी इसका जिक्र नहीं किया गया है एवं इस आधार पर निविदा अविचारणीय है। साथ ही इनके द्वारा Equipment के अन्तर्गत जो MBD के Section: 3; Clause 2.6 Section 4, D-3 के तहत Hot Mix plant अधिकतम 10 साल पुराना एवं owned होना चाहिए, जबकि इनका Hot Mix Plant वर्ष 2013 का है एवं उसमें 120TPH का कागजात निविदा के साथ अपलोड किया गया है, जबकि इनके पास मात्र एक ही Hot Mix Plant है, जो 45-60TPH का है, जिसकी जॉच विभागीय स्तर से भी की जा सकती है। साथ ही निविदा के साथ अपलोडेड Hot Mix Plant की कागजात के आधार पर भी जाँच कर ही निविदा की निष्पादन किया जाना न्यायसंगत एवं उचित होगा।<br><br>उपरोक्त तथ्यों के आलोक में भवदीय से सहानुभूतिपूर्वक सादर अनुरोध है कि इस प्रकार दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में किये गये निर्णय के तहत् कई निविदाताओं द्वारा Uploaded किये गये कागजातों में त्रुटि होने के बावजूद भी दरकिनार करते हुए तकनीकी बीड में सफल घोषित कर दिया गया है, जो न्यायोचित नहीं है एवं इस पर पुनः विचार करते हुए तकनीकी बीड में सफल असफल पर निर्णय लेने पर विचार किया जाय। | Section 04 Clause 6 (b) के अहर्त्ता को पूर्ण करता है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य करने योग्य है।<br><br>NIT के क्रमांक 13 के अनुसार Bid Validity 180 Day वांछित है, चुँकि निविदाकार द्वारा bid Validity में "As per NIT & MBD" उल्लेखित है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य किया जाता है।<br><br>MBD Section 03 Clause 2.3 के तहत "The bidder shall own at least one Hot Mix Plant (40-60 Tonn/hr capacity) not more than 15 year age" वांछित है जबकि निविदाकार द्वारा Upload Hot Mix Plant का Retail Invoice दिनांक–17.10.2013 का है, जिसकी Capacity 90-120 TPH है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य करने योग्य है। | |

7. <u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :-</u>

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–RRC/26-27/199 दिनांक–14.08.2026, M/S Adarsh Construction का पत्रांक–HO/Tender/2026-27/152 दिनांक–16.08.2026 एवं Vinay-Abhay JV का पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 द्वारा दिये गये आपत्ति को स्वीकार योग्य नहीं होने के कारण एवं Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. के परिवाद पर समीक्षोपरांत उपभागीय ज्ञापांक–2433 दिनांक–13.08.2026 द्वारा निर्गत कार्यवाही में घोषित सफल/असफल के निर्णय को यथावत् रखा जा सकता है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–RRC/26-27-199 दिनांक–14.08.2026 (2) M/s Adarsh Construction के पत्रांक–HO/Tender/2026-27/152 दिनांक–16.08.2026 एवं (3) Vinay-Abhay 'JV' के पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को मान्य नहीं करने का निर्णय लिया जाता है तथा अन्य Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–15.08.2026 के द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता हैं।

(ii) तीन निविदाकार यथा (1) M/s Adarsh Construction द्वारा ITB Clause-17 के आलोक में (2) Vinay-Abhay 'JV' को ITB Clause-17 एवं Section 3: Clause 2.4.2 Section 4E.12, Form Exp-2 (a) के आलोक में (3) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को ITB Clause-17 एवं MBD के Section 3: Clause 1.2.1 (b) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है शेष एक निविदाकार Avednex Private Limited द्वारा e-proc 2 में वांछित कागजातों के विरूद्ध केवल GST रजिस्ट्रेशन निविदा के साथ Upload किया गया है। यहाँ तक कि EMD के भी कागजात निविदा में नहीं Upload किये गये है। फलतः इनके निविदा को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(iii) तीन निविदाकार यथा (1) Alam & M/s S K 'JV' (2) M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. एवं (3) Palak Infra Pvt. Ltd. द्वारा निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–2433 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

24/8/26 24/8/26 24/8/26 24/8/26

| (सुनील कुमार सुमन) | (राजेश कुमार गुप्ता) | (अभिषेक पलासिया) | (उमा कान्त रजक) |
|---|---|---|---|
| मुख्य अभियंता,<br>उत्तर, पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | संयुक्त सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–83/2026 5858(E) पटना, दिनांक 24/8/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/8/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।